## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक सिग्नल्स दुरुस्त यातायात में होगा सुधार

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कटाए घाट मोड़ माधव नगर एवं पन्ना मिड स्थित ट्रैफिक सिग्नल्स की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सिग्नल्स में तकनीकी खराबी के चलते इस व्यस्त चौराहे पर यातायात प्रभावित हो रहा था, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा ट्रैफिक सिग्नल की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। नगर निगम एवं संबंधित तकनीकी अमले द्वारा संयुक्त रूप से सिग्नल्स की खराबी का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य किया गया। मरम्मत के दौरान सिग्नल्स के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, कंट्रोल यूनिट एवं लाइटिंग व्यवस्था को दुरुस्त किया गया, जिसके बाद अब सिग्नल्स पुनः सुचारू रूप से संचालित होने लगे हैं। कटाए घाट मोड़, माधव नगर एवं पन्ना मोड शहर का प्रमुख एवं व्यस्ततम यातायात बिंदु होने के कारण यहां सिग्नल्स का व्यवस्थित संचालन अत्यंत आवश्यक है। सिग्नल्स के पुनः चालू होने से न केवल यातायात का दबाव नियंत्रित होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं में भी कमी आएगी।

### विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर की ठगी

**कटनी।** विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर ठगी की घटना सामने आई है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी मनोज रावत निवासी शेर चौक जालपा वार्ड को विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने की आवश्यकता थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात सुरेन्द्र अहिरवार नामक व्यक्ति से हुई। आरोपी सुरेन्द्र ने मनोज को झांसा दिया कि वह उसकी ऊंची पहुंच के दम पर आसानी से सर्टिफिकेट बनवा देगा। आरोप है कि आरोपित ने काम कराने के नाम पर फरियादी से अलग-अलग समय पर ऑनलाइन और नकद माध्यम से कुल 17,516 रुपये ले लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब सर्टिफिकेट नहीं बना और आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी तब मनोज को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी सुरेन्द्र अहिरवार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### सड़क हादसों में कई घायल

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के वन विभाग कार्यालय के पास एक अज्ञात वाहन ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए प्रेमनगर निवासी सत्येंद्र सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सत्येंद्र सिंह को काफी चोटें आई हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम देवरी हटाई में बाइक क्रमांक MP-21-ZD-1784 ने अशोक कोल को टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। इसी तरह बरही क्षेत्र में फॉरेस्ट कॉलोनी के पास हुए एक हादसे में माया देवी 60 वर्ष घायल हो गईं।

## कलेक्टर ने की जनगणना, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा, अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

# योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति एवं शिकायतों के निराकरण में नहीं बरतें लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में 1 अप्रैल से लागू ई-विकास वितरण प्रणाली के तहत ही खाद का वितरण किया जाय। इसका उल्लंघन करने वाले निजी उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि लाइसेंस निलंबन की अवधि में विक्रय संस्थान द्वारा स्टॉक का विक्रय न हो। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत आने वाली समस्याओं को सहकारी बैंक, मार्कफेड एवं कृषि विभाग आपसी समन्वय से निराकृत करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जनगणना 2027 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदार व एसडीएम को निर्देशित किया कि कर्मचारियों के बैच बनाकर ट्रेनिंग दिलाने का कार्य गंभीरता से पूर्ण करें। जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई एवं स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल की अवधि में संपादित किया जाएगा।

कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और बड़वारा को गति लाने के निर्देश दिए। एचपीव्ही टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने टीकाकरण कार्य में गति लाकर शीघ्र लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने सीएमएचओ को आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

### खराब रैंकिंग पर जताई नाराजगी

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने खनिज विभाग को लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार शिक्षा विभाग के अंतर्गत नये प्रवेश और अतिथि शिक्षकों के भुगतान से जुड़ी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने पीडब्ल्यूडी विभाग की प्रदेश स्तर पर खराब रैंकिंग पर नाराजगी जाहिर करते हुये शिकायतों का निराकरण कर रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अनूसूचित जाति, कृषि, जल संसाधन, साइंस एण्ड टेक, पंचायत ग्रामीण विकास, श्रम, सहकारिता, पीएचई, वित्त, आदिम जाति कल्याण, परिवहन एवं महिला बाल विकास विभाग और योजना सांख्यिकी विभाग में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुये सभी को शिकायत का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के पटवारियों से यह सर्टिफिकेट लें कि उनके हल्के में पीएम किसान योजना के तहत कोई भी पात्र किसान शेष नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित सींमाकन और नामांकन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सामाजिक न्याय, एनएचएआई, माइनिंग, आबकारी, शिक्षा, ई गवर्नेन्स, स्वास्थ्य आदि विभागों के टीएल पत्रों की समीक्षा की और सभी विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने उपसंचालक कृषि को सोलर पंप योजना के लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज विभाग को निर्देशित किया कि अवैध खनिज से जुड़े प्रकरणों में मशीनों एवं वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना में जमा करने की कार्यवाही करें।

बैठक के दौरान सहायक आयुक्त आदिम जाति विमल चौरसिया, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी, सहायक संचालक मत्स्योद्योग आशीष नायक, जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी मौजूद रहे।



# प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में जन जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में संचालित विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नगर को साफ स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त रखने हेतु जन जागरूकता के प्रयास किए जा रहे है। निगम प्रशासन के मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 16 रफी अहमद किदवई वार्ड में तिलक कॉलेज के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता से दुकानदारों के बीच "प्लास्टिक दानव" के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही कपड़े एवं कागज के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया।

वार्ड क्रमांक 37 स्वामी विवेकानंद वार्ड स्थित खेर माता मंदिर परिसर में महापौर प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के उपरांत सफाई मित्रों का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आईईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। क्रमांक 12 स्थित अक्षर नंदन स्कूल में "ईको ब्रिक्स" विषय पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ईको ब्रिक्स के महत्व, निर्माण प्रक्रिया एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन एवं पुनः उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

## ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र में गिरूहा नाला के समीप मिला शव

# तेंदुआ की मौत पर उठ रहे कई सवाल, चल रही जांच, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम भमका और परसेल के बीच गिरुहा नाला के पास एक तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद तत्काल वन विकास निगम के अधिकारियों को सूचित किया गया। शुरूआती जांच और ग्रामीणों के अनुसार जहां तेंदुए का शव मिला है, उसके ठीक ऊपर से हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है। बताया जा रहा है कि यह लाइन पास के ही एक पेड़ की शाखाओं से टकरा रही थी। पेड़ के तने पर आग लगने के स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि पेड़ में करंट आने के कारण तेंदुआ उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

घटना को देखते हुए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप या शिकार की संभावना को खारिज करने के लिए मौके पर डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं और तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वन विकास निगम (कुंडम प्रोजेक्ट) की डिप्टी डीएम अमृता रावत ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। यदि जांच में विद्युत लाइन के रखरखाव को लेकर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित विभाग के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर जंगलों के बीच से गुजरने वाली असुरक्षित हाईटेंशन लाइनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ों से छूती हुई इन लाइनों की शिकायत पहले भी की जाती रही है, लेकिन समय रहते समाधान न होने के कारण बेजुबान वन्यजीवों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

# तहसीलदार से शिकायत, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बड़वारा में सरकारी पट्टों की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में जय सूर्यवंशी के साथ मिलकर गांव के लोगों ने तहसीलदार ऋषि गौतम को एक शिकायत पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ रसूखदार लोगों ने फर्जी तरीके से खुद को गरीब बताकर सरकारी पट्टे हासिल कर लिए और अब उन्हें ऊंचे दामों पर बड़े सेठों को बेच रहे हैं। शिकायत में बताया गया है कि बड़वारा की सरकारी जमीन पर जमकर धांधली हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई प्रभावशाली लोगों ने खुद को बेघर और भूमिहीन दिखाकर नवोदय विद्यालय के सामने और उमंग नगर में सरकारी पट्टे ले लिए। अब ये लोग नियम-कायदों को ताक पर रखकर इन जमीनों का सौदा पूंजीपतियों के साथ कर रहे हैं, जो कि पूरी तरह गलत है।

बड़वारा तहसीलदार ऋषि गौतम ने कहा कि उन्हें शिकायत मिल गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी। जांच में पट्टों की अवैध बिक्री या सरकारी जमीन पर कब्जे की बात सही पाई गई, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जय सूर्यवंशी और ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन एक टीम बनाकर इन कॉलोनियों की जांच करे। उनकी मुख्य मांगें ये हैं-जिन लोगों ने झूठ बोलकर पट्टे लिए हैं, उनके पट्टे रद्द किए जाएं।सरकारी जमीन को बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। केवल उन्हीं गरीबों को पट्टे दिए जाएं जिनके पास वाकई रहने को घर या जमीन नहीं है।

# शिकायत वापस लेने से मना किया तो युवक पर चाकू से हमला कर हुये फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बस स्टैंड चौकी क्षेत्र में देर रात सरेराह खूनी संघर्ष की घटना हुई। दो हमलावरों ने एक युवक पर धारदार चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले के बाद घायल युवक अपनी जांघ में फंसा हुआ चाकू लेकर ही पुलिस चौकी पहुंच गया। जानकारी के अनुसार नदी पार निवासी रमेश अहिरवार ने पिछले दिनों मोहल्ले में होने वाली पत्थरबाजी को लेकर पुलिस जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी बात को लेकर मोहल्ले के ही कुछ युवक उनसे रंजिश रख रहे थे। रविवार रात जब रमेश खेर माता मंदिर में दर्शन करने गए थे, तभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंदिर के पास आरोपी ओम कचेर और सोजल अहिरवार ने रमेश को रोका और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे। जब रमेश ने मना किया तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने रमेश की जांघ पर चाकू से जोरदार वार किया जिससे चाकू जांघ की हड्डी के पास गहरे तक फंस गया।

घायल रमेश उसी अवस्था में ऑटो पकड़कर सीधे बस स्टैंड पुलिस चौकी पहुंचे। वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने जब पीड़ित ने अपनी जांघ में फंसा हुआ चाकू निकालकर पुलिस के सामने टेबल पर रख दिया। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार जारी है। पुलिस का कहना है कि रमेश अहिरवार के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। बयान के आधार पर आरोपी ओम कचेर और सोजल अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## महापौर ने वार्ड का दौरा कर नागरिकों से किया संवाद

# राजीव गांधी वार्ड में 19 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर में विकास कार्यों को नई गति देते हुए राजीव गांधी वार्ड में विभिन्न स्थानों में सी.सी.नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती प्रेमवती रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। लगभग 19 लाख 33 हजार की लागत से होने वाला यह कार्य क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### मिलेगा सुविधा का लाभ

इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद वार्ड में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी साथ ही स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार आएगा। लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान के लिए यह कार्य स्वीकृत किया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

### लोगों की सुनी समस्यायें

भूमि पूजन के पश्चात महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने संबंधित वार्ड का विस्तृत भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना, साथ ही मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी चुनौतियों की जानकारी ली।उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल सके और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### मंदिर में लिया आशीर्वाद

कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने वार्ड स्थित दुर्गा मंदिर में भगवती का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महापौर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का स्थानीय नागरिकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। पूरे आयोजन में उत्साह, श्रद्धा और जनसहभागिता का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुरेंद्र गुप्ता, ओमी अहिरवार, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, रुक्मणी बर्मन,पूर्व पार्षद डब्बू रजक, क्षेत्रीय नागरिक संजू मौर्य,सुमित गुप्ता,रजनीश सभरवाल, मनीष सभरवाल ओमप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत करेला
जनपद पंचायत बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)

क्र./ /ग्रा.पं.नि./2026 करेला दिनांक-01/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक की अवधी के लिए, ग्राम पंचायत करेला, जनपद पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी के अंतर्गत निर्माण कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु सप्लायरों/दुकानदारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें प्रदायकर्ता का पोर्टल पर वैद्य जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य हैं।

**निविदा आमंत्रित हेतु निम्नलिखित सामग्री नीचे लिखे अनुसार हैं-**

20MM, 40MM गिट्टी, रेत, सीमेंट, ईट, लोहा सरिया, एंगल आयरन, जीआई गाटर सीट प्रोफाइल, पीवीसी, प्लंबर सामग्री आईटम, बिजली फिटिंग सामग्री, स्टोन पत्थर, फर्सी, टाइल्स, मार्बल, लोहा गेट, खिड़की, रोशनदान, सेंटरिंग सामग्री (किराया), टेबल, कुर्सी, अलमारी, (फर्नीचर से संबंधित सामग्री) स्टेशनरी फोटोकॉपी ।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से बंद लिफाफा में सचिव, ग्राम पंचायत करेला के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**निविदा नियमानुसार ही मान्य की जायेगी।**

सरपंच / सचिव (ग्राम पंचायत करेला)

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुतरी
जनपद पंचायत बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)

क्र./ 04/ग्रा.पं.नि./2026 सुतरी दिनांक-01/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक की अवधी के लिए, ग्राम पंचायत सुतरी, जनपद पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी के अंतर्गत निर्माण कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु सप्लायरों/दुकानदारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें प्रदायकर्ता का पोर्टल पर वैद्य जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य हैं। सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत की जा सकेगी।

**निविदा आमंत्रित हेतु निम्नलिखित सामग्री नीचे लिखे अनुसार हैं-**

20MM, 40MM गिट्टी, रेत, सीमेंट, ईट, लोहा सरिया, एंगल आयरन, जीआई गाटर सीट प्रोफाइल, पीवीसी, प्लंबर सामग्री आईटम, विद्युत मोटर, सीसीटी कैमरा, बल्ब, विद्युत पंखा, बिजली फिटिंग सामग्री, स्टोन पत्थर, फर्सी, टाइल्स, मार्बल, लोहा गेट, खिड़की, रोशनदान, सेंटरिंग सामग्री (किराया), टेबल, कुर्सी, अलमारी, (फर्नीचर से संबंधित सामग्री) स्टेशनरी फोटोकॉपी ।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से बंद लिफाफा में सचिव, ग्राम पंचायत सुतरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**निविदा सभी शर्तें नियमानुसार ग्रांम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में होंगी।**

सरपंच / सचिव (ग्राम पंचायत सुतरी)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरमानी
जनपद पंचायत बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)

क्र./ 04/ग्रा.पं.नि./2026 बरमानी दिनांक-01/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक की अवधी के लिए, ग्राम पंचायत बरमानी, जनपद पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी के अंतर्गत निर्माण कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु सप्लायरों/दुकानदारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें प्रदायकर्ता का पोर्टल पर वैद्य जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य हैं। सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत की जा सकेगी।

निविदा आमंत्रित हेतु निम्नलिखित सामग्री नीचे लिखे अनुसार हैं-

20MM, 40MM गिट्टी, रेत, सीमेंट, ईट, लोहा सरिया, एंगल आयरन, जीआई गाटर सीट प्रोफाइल, पीवीसी, प्लंबर सामग्री आईटम, बिजली फिटिंग सामग्री, स्टोन पत्थर, फर्सी, टाइल्स, मार्बल, लोहा गेट, खिड़की, रोशनदान, सेंटरिंग सामग्री (किराया), टेबल, कुर्सी, अलमारी, (फर्नीचर से संबंधित सामग्री) स्टेशनरी फोटोकॉपी ।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से बंद लिफाफा में सचिव, ग्राम पंचायत जगुआ के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**निविदा सभी शर्तें नियमानुसार ग्रांम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में होंगी।**

सरपंच / सचिव (ग्राम पंचायत बरमानी)

## कार्यालय ग्राम पंचायत जगुआ
जनपद पंचायत बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)

क्र./ 03/ग्रा.पं.नि./2026 जगुआ दिनांक-01/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक की अवधी के लिए, ग्राम पंचायत जगुआ, जनपद पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी के अंतर्गत निर्माण कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु सप्लायरों/दुकानदारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें प्रदायकर्ता का पोर्टल पर वैद्य जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य हैं। सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत की जा सकेगी।

**निविदा आमंत्रित हेतु निम्नलिखित सामग्री नीचे लिखे अनुसार हैं-**

20MM, 40MM गिट्टी, रेत, सीमेंट, ईट, लोहा सरिया, एंगल आयरन, जीआई गाटर सीट प्रोफाइल, पीवीसी, प्लंबर सामग्री आईटम, विद्युत मोटर, सीसीटी कैमरा, बल्ब, विद्युत पंखा, बिजली फिटिंग सामग्री, स्टोन पत्थर, फर्सी, टाइल्स, मार्बल, लोहा गेट, खिड़की, रोशनदान, सेंटरिंग सामग्री (किराया), टेबल, कुर्सी, अलमारी, (फर्नीचर से संबंधित सामग्री) स्टेशनरी फोटोकॉपी ।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से बंद लिफाफा में सचिव, ग्राम पंचायत जगुआ के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**निविदा सभी शर्तें नियमानुसार ग्रांम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में होंगी।**

सरपंच / सचिव (ग्राम पंचायत जगुआ)

## कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द
जनपद पंचायत बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)

क्र./ 04/ग्रा.पं.नि./2026 करौंदी खुर्द दिनांक-01/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक की अवधी के लिए, ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द, जनपद पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी के अंतर्गत निर्माण कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु सप्लायरों/दुकानदारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें प्रदायकर्ता का पोर्टल पर वैद्य जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य हैं। सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत की जा सकेगी।

**निविदा आमंत्रित हेतु निम्नलिखित सामग्री नीचे लिखे अनुसार हैं-**

20MM, 40MM गिट्टी, रेत, सीमेंट, ईट, लोहा सरिया, एंगल आयरन, जीआई गाटर सीट प्रोफाइल, पीवीसी, प्लंबर सामग्री आईटम, बिजली फिटिंग सामग्री, स्टोन पत्थर, फर्सी, टाइल्स, मार्बल, लोहा गेट, खिड़की, रोशनदान, सेंटरिंग सामग्री (किराया), टेबल, कुर्सी, अलमारी, (फर्नीचर से संबंधित सामग्री) स्टेशनरी फोटोकॉपी ।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से बंद लिफाफा में सचिव, ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**निविदा सभी शर्तें नियमानुसार ग्रांम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में होंगी।**

सरपंच / सचिव (ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द)

## कार्यालय ग्राम पंचायत हर्रवाह
जनपद पंचायत बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)

क्र./ /ग्रा.पं.नि./2026 हर्रवाह दिनांक-01/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक की अवधी के लिए, ग्राम पंचायत हर्रवाह, जनपद पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी के अंतर्गत निर्माण कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु सप्लायरों/दुकानदारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें प्रदायकर्ता का पोर्टल पर वैद्य जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य हैं।

**निविदा आमंत्रित हेतु निम्नलिखित सामग्री नीचे लिखे अनुसार हैं-**

20MM, 40MM गिट्टी, रेत, सीमेंट, ईट, लोहा सरिया, एंगल आयरन, जीआई गाटर सीट प्रोफाइल, पीवीसी, प्लंबर सामग्री आईटम, बिजली फिटिंग सामग्री, स्टोन पत्थर, फर्सी, टाइल्स, मार्बल, लोहा गेट, खिड़की, रोशनदान, सेंटरिंग सामग्री (किराया), टेबल, कुर्सी, अलमारी, (फर्नीचर से संबंधित सामग्री) स्टेशनरी फोटोकॉपी ।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से बंद लिफाफा में सचिव, ग्राम पंचायत हर्रवाह के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**निविदा नियमानुसार ही मान्य की जायेगी।**

सरपंच / सचिव (ग्राम पंचायत हर्रवाह)

**खबर संक्षेप**

## डुंगरहो जंगल में शौच करने गए युवक पर रीछ ने किया हमला, ग्रामीणों ने बचाई जान

**अजयगढ़** - अजयगढ़ रेंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सबदुआ के गांव डुंगरहो के जंगल में शौच करने गए एक युवक पर भालू (रीछ) ने अचानक हमला कर दिया। नरेंद्र कोंदर पिता माणिकलाल, निवासी सिमरा खुर्द ने अपने गांव के अन्य लोगों के साथ ईंट भट्टे पर काम करने गए थे। आज दिनांक 13 अप्रैल को सुबह लगभग 5 बजे जब वह जंगल में शौच करने पहुंचे, तभी पीछे से एक रीछ ने उन पर झपट्टा मार दिया। युवक की चीख सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़े आए और किसी तरह रीछ को भगाकर नरेंद्र को बचाया। "मैं शौच करने जंगल गया ही था कि अचानक पीछे से रीछ ने हमला कर दिया। चिल्लाया तो गांव वाले भागकर आए और मुझे बचाया।"ग्रामीणों ने तुरंत सूचना फॉरेस्ट विभाग के बीट गार्ड प्रतीक तिवारी को दी। बीट गार्ड प्रतीक तिवारी और शिव प्रसाद गुप्ता मौके पर पहुंचे और घायल नरेंद्र को तुरंत अजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया।

### ग्राम मोहरा में ग्रामीणों के स्वास्थ्य खराब होने का मामला

# बीमारी की वजह नहीं बना पानी, जांच रिपोर्ट ने किया साफ, अब मोहरा में स्थिति सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरा में आयोजित धार्मिक भंडारे के पश्चात सामने आई फूड पॉइजनिंग की घटना अब पूर्णतः नियंत्रण में है। भंडारे में लगभग 70–80 ग्रामीणों ने सहभागिता की थी, जिसमें गक्कड़ भरता, खीर-पूरी एवं हैंडपंप के पानी का उपयोग किया गया था। अगले दिन कुछ ग्रामीणों में उल्टी एवं दस्त की शिकायत देखी गई, जिसके बाद तत्परता से स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया गया। घटना के बाद कुल 20–25 प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल दमोह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में भर्ती कराया गया था। सभी मरीजों को आवश्यक उपचार प्रदान किया गया और वर्तमान में सभी स्वस्थ हैं। स्थिति अब पूरी तरह सामान्य हो चुकी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीमों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की। हैंडपंप एवं अन्य जल स्रोतों से पानी के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजे गए थे। प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार पानी में किसी भी प्रकार का संक्रमण नहीं पाया गया है तथा पानी पूरी तरह शुद्ध एवं पीने योग्य है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए कुओं एवं अन्य स्थानों पर दवा का छिड़काव भी किया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय एवं जनपद पंचायत सीईओ को प्रेषित कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एहतियातन आगामी 7 दिनों के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो गांव में निरंतर निगरानी रखते हुए आवश्यक दवाओं का वितरण कर रहे हैं।

### इनका कहना है

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा मै पदस्थ यू एस कुशवाहा ने बताया कि पानी के सैंपल की रिपोर्ट आ गई है। पानी में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है जिसकी रिपोर्ट एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को भेज दी गई है। साथ ही हमारे कर्मचारी द्वारा दवा का छिड़काव गांव के पूरे जल स्रोतों में किया गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा सीबीएमओ डॉ. अशोक बरौनियां ने बताया कि स्वास्थ्य अमला लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि एक भी नया केस नहीं आया है स्थिति पूर्ण तहां नियंत्रण में है हमारा विभाग वहां पर देखरेख कर रहा है।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम अंतर्गत व्याख्यान माला का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन प्राचार्य डॉ. आलोक जैन के निर्देशन में किया गया। विषय का निरूपण करते हुये कार्यक्रम प्राभारी डॉ. इन्दिरा जैन दिवाकर ने कहा कि, भारतीय समाज सदा ही मातृत्व संस्कृति का पोषक व तृणि रहा हैं।

भारतीय संस्कृति में नारी ने सदा ही परिवार समाज राष्ट्रीय धुरी के रूप में इस संस्कृति को परिष्कृत व पल्लवित किया है। आज के अधुनिक परिप्रेक्ष्य में नारी के गौरव को बनाये रखने का दायित्व हम सभी का है। राजनैतिक क्षेत्र में नारी के प्रतिनिधित्व की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये नारी वंदन अधिनियम लाया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने अपने उद्बोधन में कहा कि, आज छात्रो के अपनी योग्यता व इच्छा के अनुरूप विषय का चयन कर आगे आना चाहिए। कार्य का कोई भी क्षेत्र बड़ा या छोटा नही हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे ने छात्रो को संबोधित करते हुये कहा कि, आपके साथ माता पिता की तपस्या है। इसलिए आप दृढ़ता व इमानदारी से ज्ञान अर्जन करके आगे बढ़े। इससे कोई फर्क नही पड़ता आप किस क्षेत्र से आते है। आज छोटे छोटे देश भी इसलिए शक्तिशाली हैं, क्योकि महिला वहा स्वतंत्र है। विशिष्ट अतिथि सरोज सिंह ने छात्रो से अपना लक्ष्य निर्धारित कर भरोसे के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। जिससे वह प्रत्येक क्षेत्र में सफल हो सकती है। साथ ही समाज में महिला अपराध रोकने में आवश्यक हैं, कि माता पिता अपने बेटे को इस प्रकार शिक्षित करे कि वह प्रत्येक महिला का सम्मान करे। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. मोनिका पालीवाल ने कहा कि, सर्वप्रथम परिवार में ही लड़की को प्रत्येक क्षेत्र में सौ प्रतिशत आरक्षण प्राप्त होना चाहिए। यदि माता पिता उसे आरक्षित करते हैं तो फिर किसी आरक्षण की आवश्यकता नही होगी। दूसरा लडकियो को स्वास्थ्य के विषय में भी जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस के. अग्रवाल, डॉ. कमल चौरसिया, डॉ. मीरा माधुरी महंत, डॉ. एन. पदमा कुमार एवं छात्रायो ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सहा. प्राध्यापक डॉ. नाजनीन बेगम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति विशेष रहीं।

## मेंटेनेंस की राशि हजम, स्कूल पर ताला महुआपुर में शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल!



**अमानगंज।** ग्राम रामपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला महुआपुर में भ्रष्टाचार और लापरवाही की गंभीर तस्वीर सामने आई है। विद्यालय मेंटेनेंस के नाम पर राशि तो निकाल ली गई, लेकिन जमीनी हकीकत पूरी तरह उलट नजर आ रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि शौचालय निर्माण के नाम पर पैसा निकाल लिया गया, लेकिन मौके पर शौचालय का कोई अस्तित्व ही नहीं है। बच्चे आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इतना ही नहीं, जब मीडिया की टीम मौके पर पहुंची तो विद्यालय में ताला लटका मिला। यानी जहां बच्चों की पढ़ाई होनी चाहिए, वहां सन्नाटा पसरा मिलाकृयह स्थिति खुद ही पूरी कहानी बयां कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने मेंटेनेंस राशि का दुरुपयोग किया है और कागजों में काम दिखाकर राशि निकाल ली गई। और सबसे बड़ी बातकृजिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर किसके संरक्षण में यह सब चल रहा है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ और सरकारी राशि की बंदरबांट अब देखना यह है कि जिम्मेदार कब जागेंगे और कार्रवाई कब होगी।

# टीआई सुधीर बेगी ने विक्षिप्त लोगों की दशा और दिशा सुधारने का उठाया बीड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा शहर में एक ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने हर देखने वाले की आंखें नम कर दीं और दिल को गहराई से छू लिया। आमतौर पर सख्ती और अनुशासन के लिए पहचानी जाने वाली पुलिस की छवि के बीच, थाना प्रभारी सुधीर बेंगी ने मानवता का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो लंबे समय तक याद रखा जाएगा।काफी समय से लट्टू राय नाम का एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति गंदगी और बदहाली में सड़कों पर भटक रहा था। लोग उसे नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाते थे, लेकिन टीआई बेंगी की नजर में वह सिर्फ एक ₹मामला" नहीं, बल्कि एक इंसान था। उन्होंने उसे प्यार और विश्वास के साथ थाना लाया। नाई बुलवाकर उसके बाल और दाढ़ी बनवाई, फिर खुद आगे बढ़कर उसे साबुन और शैम्पू से नहलाया। नए कपड़े पहनाए और सम्मान के साथ भोजन कराया। यह सिर्फ एक मदद नहीं, बल्कि उसकी खोई हुई गरिमा को लौटाने का प्रयास था। महज एक घंटे के भीतर उसकी बदली हुई तस्वीर यह साबित कर रही थी कि अगर इरादे नेक हों, तो बदलाव संभव है। यह घटना सिर्फ एक सेवा नहीं, बल्कि एक संदेश है-असली कर्तव्य वर्दी से नहीं, संवेदनशील दिल से निभाया जाता है। यह दृश्य देखने वाले हर व्यक्ति के लिए भावुक और प्रेरणादायक था। स्थानीय लोगों ने टीआई सुधीर बेगी के इस कार्य की खूब सराहना की और कहा कि ऐसे कार्य ही पुलिस और समाज के बीच विश्वास को मजबूत बनाते हैं। लोगों का कहना है कि समाज को ऐसे संवेदनशील और सेवा भाव रखने वाले अधिकारियों की जरूरत है। टीआई बेंगी का यह कदम यह साबित करता है कि सच्ची मानवता पद या जिम्मेदारी से नहीं, बल्कि दिल से की गई सेवा से पहचानी जाती है।

## नंदीवन मंदिर परिसर में 24 अप्रैल से भागवत कथा

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित नदी वन मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आध्यात्मिक साप्ताहिक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया जा रहा है कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज रासबिहारी राधाकृष्ण मंदिर कथा का वाचन करेंगे। 24 अप्रैल कलश शोभा यात्रा एवं श्रीमद् भागवत पुराण बैठकी 25 अप्रैल श्रीमद् भागवत माहात्म्य कथा 26 अप्रैल कर्दम देवहूति कथा, ध्रुव चरित्र 27 अप्रैल समुद्र मंथन, श्री कृष्ण जन्म कथा एवं उत्सव 28 अप्रैल गोवर्धन पूजन छप्पन भोग 29 अप्रैल रुक्मणी मंगल कथा 30 अप्रैल श्री सुदामा चरित्र कथा विदाई 1 मई गुरु मंत्र दीक्षा कार्यक्रम, गीता पाठ,पूजन, हवन भंडारा,एवं बछिया पूजन होगा। श्रीमद् भागवत मूल पाठ एवं पूजन प्रतिदिन प्रात 5:00 से दिन में 10:00 बजे तक कथा समय प्रतिदिन दिन में 4 बजे से शाम 7 बजे तक आनंद बाबा एवं बबलू यादव ने समस्त भक्तों से कथा श्रवणार्थ पधारने का आग्रह किया है।

## अपहृता को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया

**दमोह।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना नोहटा पुलिस द्वारा अपहृता कों दिनांक 12/04/26 कों दस्तयाब किया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल मप्र द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान अंतर्गत नाबालिक बालिक/ बालिकाओ की अधिक से अधिक दस्तायाबी हेतु व पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ती सोमवंशी द्वारा आदेशित किया गया था। इसी तारत्मय मे थाना नोहटा के अपराध क्रमांक अप.क्र.43/26 धारा 137(2)बीएनएस की अपह्ता की दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक अति.पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना नोहटा द्वारा टीम गठित कर अपहृता की तलाश हेतु सतत प्रयास किये गये। अपहृता को रायपुर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। सराहनीय कार्य करने वालों में थाना प्रभारी नोहटा उप निरीक्षक अभिषेक पटेल ,उनि नागेंद्र सिंह, प्रआर दीपक ठाकुर, जितेंद्र यादव , आरक्षक कुलदीप सोनी व सायबर सेल दमोह की सराहनीय भूमिका रही।

## बावड़ी की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत वादीपुरा में "जल गंगा संवर्धन अभियान " के द्वितीय चरण के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 28 मार्च से 30 जून तक विभिन्न जागरूकता एवं संरक्षण संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति वादीपुरा द्वारा, जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव के मार्गदर्शन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवांकुर संस्था हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के सहयोग से जल संरक्षण के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिभागियों को तालाब, बावड़ी, नदियों एवं अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। बैठक के पश्चात ग्राम की प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बावड़ी के अंदर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा जल पूजन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया और "बावड़ी स्वच्छ बनाओ" अभियान को सफल बनाया। यह कार्यक्रम म.प्र. जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक दीपचंद मालवीय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति वादीपुरा के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, सचिव लाखन सिंह, नवांकुर संस्था से कमलेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। साथ ही ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जल स्रोतों को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर जितेंद्र यादव, वीरेन ठाकुर, बृजेश लोधी, अखिलेश ठाकुर, विपिन जैन, निर्मला ठाकुर, राजकुमार लोधी सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय मागंज वार्ड नंबर 4, लोको क्षेत्र स्थित मुश्की बाबा के समीप चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस पर भक्ति का सागर उमड़ पड़ा। कथा वाचक परम श्रद्धेय पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान के विभिन्न अवतारों का वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। अहंकार का विनाश और वामन अवतार का प्रसंग कथा के प्रारंभ में महाराज श्री ने राजा बलि और वामन अवतार के प्रसंग की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने बताया कि राजा बलि अत्यंत दानी थे, लेकिन उनके भीतर 'मैं' का अहंकार आ गया था। भगवान ने वामन रूप धरकर तीन पग में संपूर्ण ब्रह्मांड नाप लिया और बलि का उद्धार किया। महाराज जी ने सीख दी कि दान हमेशा सात्विक होना चाहिए और उसमें अहंकार का लेश मात्र भी अंश नहीं होना चाहिए।

### गूंजा 'जय कन्हैया लाल की' का उद्घोष

जैसे ही कथा में भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य (जन्म) का समय आया, संपूर्ण पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और शंख ध्वनि से गूंज उठा। 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और 'यशोदा जायो ललना' जैसे भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे। भगवान की मनमोहक झांकी के दर्शन के लिए भक्तों में उत्साह देखते ही बन रहा था। नंद महोत्सव के उपलक्ष्य में खिलौने, टॉफियां और माखन का वितरण किया गया।

यजमान परिवार ने किया पूजन मुख्य यजमान श्रीमती पूनबाई धनीराम पटेल एवं समस्त पटेल परिवार ने व्यास पीठ का पूजन कर आरती उतारी। यजमान परिवार ने सभी क्षेत्रवासियों से इस पुण्य लाभ को प्राप्त करने के लिए कथा में सपरिवार सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

प्रह्लाद चरित्रः महाराज जी ने बताया कि भगवान अपने भक्त की रक्षा के लिए खंभे से भी प्रकट हो सकते हैं, बस श्रद्धा प्रह्लाद जैसी होनी चाहिए।

बाल लीलाएंः भगवान कृष्ण के जन्म के साथ ही उनके बाल स्वरूप की महिमा और राक्षसों के उद्धार की कथा का संक्षिप्त वर्णन किया गया।

भक्तिमय वातावरणः लोको और मागंज क्षेत्र के सैकड़ों पुरुष-महिलाओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। कल कथा के पांचवें दिन भगवान की बाल लीलाएं, माखन चोरी प्रसंग और छप्पन भोग (गोवर्धन पूजा) का विशेष आयोजन किया जाएगा। आयोजक ने भक्तों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा बनें

## निःशुल्क प्याऊ का हुआ उद्घाटन



**सिंग्रामपुर।** भीषण गर्मी के बीच समाजसेवा का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। ग्राम के युवा समाजसेवी अजय राय द्वारा निःशुल्क पानी पियाऊ का शुभारंभ किया गया, जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल रही है। लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में अजय राय द्वारा शुरू किया गया यह पियाऊ लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यहां से गुजरने वाले राहगीरों, मजदूरों एवं ग्रामीणों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। पियाऊ के उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज में मानवता और सेवा भाव का संदेश देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, ऐसे में यह पियाऊ लोगों की प्यास बुझाने के साथ-साथ उन्हें राहत प्रदान कर रहा है। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना उनका छोटा सा प्रयास है। उन्होंने बताया कि आगे भी वे इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहेंगे। ग्राम सिंग्रामपुर में शुरू हुआ यह निःशुल्क पानी पियाऊ न केवल लोगों की प्यास बुझा रहा है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत कर रहा है।

## डॉँ भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन



**दमोह।** डॉँ भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन के संबंध में आयोजित बैठक में नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा रैली आयोजन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुदृण सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे एवं एडीशलन एसपी सुजीत भदौरिया विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के प्रारंभ में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा जिलास्तरीय कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से मानस भवन में आयोजित किया गया हैं। उन्होंने कहा इसमें हितग्राही सम्मेलन भी आयोजित किया गया हैं जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति के हितग्राहियों को लाभान्वित सुनिश्चित किया जाएगा। श्री फुलपगारे ने बताया कि अंबेडकर चौक पर डॉक्टर अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के उपरांत कार्यक्रम शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का उद्बोधन उपरांत हितलाभ वितरण किया जाएगा। बैठक में एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व सहित सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के प्रारंभ में आदिम जाति कल्याण विभाग के संयोजक अदिति शान्डल्य ने कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत कराया।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दमोह का महा सदस्यता अभियान शुरू

**दमोह।** जिले के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर जिला बैंक से सम्बद्ध समितियों में कुल 26000 नवीन सदस्य बनाये जाने हेतु विशेष सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक मोहन व्यास द्वारा 13 अप्रैल 2026 को शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय था कि मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में नवीन सदस्य बनाने हेतु महा सदस्यता अभियान 14 अप्रैल से प्रारम्भकिया जा रहा है जिसके संबंध में शाखा प्रबंधक एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि समितियों के मुख्यालय में सदस्यता अभियान का शुभारंभ 14 अप्रैल को किया जाएगा एवं गैर सदस्यों की पहचान कर सदस्य बनाने हेतु 20 अप्रैल तक जागरुक किया जायेगा। 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सदस्य बनाने हेतु आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा संबंधित आवेदनों का निराकरण 01 मई से 05 मई तक किया जाएगा। तत्पश्चात ऋण वितरण हेतु 06 मई से 15 मई तक आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस महाअभियान में जिले के अधिक से अधिक किसानों को समिति के सदस्य बनाये जाने हेतु प्रयास किया जावेगा।

## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**दमोह।** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अंतर्गत भव्य शोभा यात्रा का आयोजन 20 अप्रैल सोमवार को होगा। जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं तथा पूर्व में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा चुका है। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 14 अप्रैल मंगलवार को शाम 7.30 बजे सिविल वार्ड नं. 4 में स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर प्रांगण में तैयारियों की समीक्षा हेतु वृहद बैठक का आयोजन किया गया हैं। जिसमें अधिक से अधिक विप्र जनों से इस बैठक में शामिल होने की अपील सर्व ब्राह्मण समाज ने की है।

### आंबेडकर जयंती पर भव्य शोभा यात्रा आज

**दमोह।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन 14 अप्रैल डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर किया गया है जो सभी मार्गो से आने वाली झॉकी, शोभायात्रा, तहसील गाउंड में एकत्रित होकर शाम 5 बजे कीर्ति स्तंभ चौक, बस स्टेण्ड, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर होते हुये आंबेडकर चौक पर आभार के साथ समापन किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने अपील की है सभी सामाजिक बंधु इस यात्रा में सम्मलित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

### शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदलीं, सड़क हादसे में युवक की मौत

**सिंग्रामपुर।** जिस घर में 30 अप्रैल को होने वाली शादी की खुशियों की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। जबेरा क्षेत्र के सुनवराह गांव निवासी 24 वर्षीय सचिन की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सचिन अपनी ही शादी की खरीदारी करने के लिए घर से निकला था। उसे क्या पता था कि यह सफर उसका आखिरी सफर साबित होगा। वापस लौटते समय सिंगपुर और सलैया के बीच एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सचिन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। जिस घर से कुछ दिनों बाद बारात निकलनी थी, वहां अब मातम छाया हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे मौके पर पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जबेरा भेजा गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर करता है। सवाल यही है कि आखिर सड़क पर दौड़ती यह लापरवाह रफ्तार कब थमेगी?

अधिकारी केवल कार्यालय और फाइलों तक सीमित न रहें : कलेक्टर

# प्रशासन का उद्देश्य है जनसेवा, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यप्रणाली: कलेक्टर

### नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने दोपहर में ली अधिकारियों की बैठक, मीडिया को बताया अपना विजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर पद का कार्यभार संभालने से पहले आस्था और परंपरा के साथ अपनी नई पारी की शुरुआत की। दोपहर में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अधिकारियों की बैठक ली व मीडियाजनों पत्रकारों से चर्चा की। पत्रकारों से परिचय होने के बाद श्री यादव ने अपनी शुरूआती बात में दमोह जिले को विकसित करने की बात कही। उन्होने कहा कि हमारा उदेदश्य लक्ष्य पूर्व करने तक सीमित न रहकर शासन की योजनाओं का लाभ पात्रों को हकीकत में मिले व उनका जीवन स्तर सुधरे इस दिशा में अधिकारियों से सार्थक कार्य करने की बात कही है। अधिकारी स्वयं योजनाओं का गहरा अध्ययन करें तभी वह समस्याओं का निराकरण कर पायेंगे। दमोह में बहुत कार्य करने की आवश्यकता बताई व पत्रकारों से सहयोग की बात कही।

श्री यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अन्नदाता कहे जाने वाले किसान जो चार माह की मेहनत के बाद अपनी उपज बेंचते तैयार है। शासन के उपार्जन केंद्रो पर उन्हे समय पर बुलाने व खरीदने के बाद समय पर किसानों को भुगतान मिले। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर चुनौती के रूप में करेंगे। पेयजल व्यवस्था सुचारू रहे इस दिशा में समीक्षा कर संकट वाले गामों को पेयजल मुहैया कराने व्यवस्था करायेंगे। राजस्व विभाग के कार्य में परेशानी न हो, गंदगी से निजात दिला कर स्वच्छता बनाने हेतु सार्थक पहल कर कार्य करायेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य बेरोजगारी व गरीबी पर भी योजनाओं का लाभा पात्रों को दिलाने कार्य करने की बात कही। 2016 बैच के आईएएस अधिकारी श्री यादव ने कहा कि बुंदेलखंड में उनका जन्म हुआ है व बुंदेलखण्ड में ही कार्य करने का अवसर मिला है। आप तीसरी आंख है, आप सभी के सहयोग से दमोह में बहुत कुछ कार्य करेंगे। उन्होने कहा कि पूर्व कलेक्टर श्री कोचर ने जो अच्छे कार्य किये है उसके अपेक्षाकृत परिणाम सामने नहीं आये है।

### अधिकारियों को दिये निर्देश

**दमोह।** जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालय और फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करें। नियमित निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए और जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। साथ ही, निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करना अनिवार्य बताया। जिले में अस्वच्छता पर कलेक्टर श्री यादव ने कहा, विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिससे "स्वचxछ दमोह" का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। रोजगार को महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि युवाओं को भारत सरकार की कौशल विकास योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उनकी रुचि के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही जिले में संभावित उद्योगों की पहचान कर उद्योगपतियों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे दमोह में निवेश करें और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। उन्होने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से इन समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा। कलेक्टर श्री यादव ने किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा, उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलना चाहिए। उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनसेवा, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यप्रणाली है।

## बांदकपुर में जागेश्वरनाथ व कुण्डलपुर में बड़े बाबा के किये दर्शन





**दमोह।** सोमवार सुबह से नवागत कलेक्टर श्री यादव ने जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों बांदकपुर एवं कुण्डलपुर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। सबसे पहले वे बांदकपुर में जागेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे, जहां सपरिवार विधि-विधान से पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक संपन्न हुआ और उन्होंने अपने प्रशासनिक दायित्वों के सफल निर्वहन की कामना की। यहां उन्होंने स्वयंभू शिवलिंग का अभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उनके आगमन से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह का माहौल नजर आया। इसके पश्चात विश्वविख्यात कुंडलपुर जैन तीर्थ पहुंचे जहां उन्होंने 'बड़े बाबा' की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर नमन किया। कुछ समय यहां बिताते हुए उन्होंने आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया और समाज में सद्भाव की कामना की। इस अवसर पर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि धार्मिक स्थलों से मिलने वाली सकारात्मक ऊर्जा जनसेवा के कार्यों में नई प्रेरणा देती है। उनके आगमन को लेकर जिले में उत्साह है और लोगों को प्रशासनिक कार्यों में नई गति की उम्मीद है।

# 11 करोड़ की लागत से नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण

### अब एक छत के नीचे एसडीएम/तहसीलदार सेवाएं प्रदान करेंगे- राज्यमंत्री श्री पटेल राजस्व मामलों में पेंडेंसी को कम करना प्राथमिकता- सांसद लोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



अनुविभागीय मुख्यालय की शुरुआत 2013 में होने के करीब 13 वर्ष बाद यह 11 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राजस्व भवन किसानों और ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा। एसडीएम, तहसीलदार व पंजीयक कार्यालय एक ही छत के नीचे सेवाएं मिलने से आमजन को सुविधाएं मिल सकेंगी। उक्त बात क्षेत्रीय विधायक व पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने नवनिर्मित आधुनिक तहसील भवन के लोकार्पण के दौरान व्यक्त किये। निर्माण की गुणवत्ता की सराहना करते हुए सभी संबंधितों को बधाई दी और इसे किसानों की सुविधा के लिए समर्पित किया। सांसद राहुल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल के सहयोग से दमोह जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य है। राज्यमंत्री पटेल ने पथरिया में केंद्रीय विद्यालय खुलने की अच्छी खबर साझा की। उन्होंने कहा कि सांसद राहुल सिंह के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से चर्चा हो चुकी है, जिन्होंने जल्द प्रारंभ का आश्वासन दिया है। 16 से 18 अप्रैल के विशेष सत्र में सांसद दोबारा चर्चा करेंगे, वही 22-23 अप्रैल को वे स्वयं केंद्रीय मंत्री से मिलकर स्वीकृति सुनिश्चित करेंगे। उन्होने प्रतिबद्धता जताई कि स्वीकृति मिलते ही तीन महीने में भवन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 40-50 लाख रुपये की व्यवस्था विभाग स्वयं करेगा, ताकि क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुड गवर्नेंस नीति और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है उन्होने कहा नए तहसील भवन में एसडीएम, तहसीलदार और रजिस्ट्री कार्यालय सहित सभी प्रमुख राजस्व सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। इससे आम नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। राजस्व मामलों में पेंडेंसी को कम करना प्राथमिकता है। सभी लंबित मामलों का तेजी से निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे लोगों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने बताया कि किसानों और आम नागरिकों की अधिकांश समस्याएँ तहसील स्तर से जुड़ी होती हैं जमीन विवाद और अन्य राजस्व मामलों का समाधान अधिक सरल और सुलभ होगा। उन्होने कहा कि पथरिया विकास की नई रफ्तार पकड़ चुका है और इसे और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह भवन क्षेत्र प्रशासनिक दक्षता और विकास को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा कि बदलते समय के साथ हमें भी अपने कार्य और व्यवस्था को आधुनिक बनाना होगा उन्होंने प्रधानमंत्री के 'डिजिटल इंडिया' विज़न का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को विश्व के अग्रिम पटल पर लाने के लिए हाई-टेक संसाधनों पर ध्यान देना जरूरी है,पथरिया में राजस्व अधिकारियों के लिए अत्याधुनिक भवन को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास का नया आयाम बताया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा,मंडल अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, पं.राजेन्द्र गुरु, पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित पटेल,देवी सिंह नंदरई,जमना जैन,कपिल दुबे, एसडीएम निकेत चौरसिया, तहसीलदार श्रीमति दीपमाला, नायब तहसीलदार हृदेश पाण्डे सहित पटवारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# 33% आरक्षण से बदलेगा देश का नेतृत्व महिलाएं बनेंगी नीति निर्धारण की धुरी: पारूल साहू




**दमोह।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसे पूर्व विधायक श्रीमती पारूल साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला मंत्री श्रीमती श्यामा उरैती, श्रीमती सुधा सेन, श्रीमती विनीता परस्ते, जिला सह कोषाध्यक्ष श्रीमती कुसुम खरे, मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, सह मीडिया प्रभारी श्रीमती सिमरन जैन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती अनीता सिंह एवं श्रीमती गिरजा साहू मंचासीन रहीं। पारूल साहू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित उस संकल्प की पूर्ति है, जो महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा देगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को भारतीय लोकतंत्र का ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को अब उनका वास्तविक अधिकार मिला है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में संभव हुआ है। अब महिलाएं केवल मतदाता नहीं, बल्कि नीति और नेतृत्व की केंद्रबिंदु बनेंगी। 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ देश की राजनीति में एक नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है, जिससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और नीति-निर्धारण में उनकी अहम भूमिका सुनिश्चित होगी। यह अधिनियम वर्ष 2029 तक पूर्ण रूप से लागू हो जाएगा, जिसके बाद बड़ी संख्या में महिलाएं संसद और विधानसभाओं में पहुंचेंगी। पूर्ववर्ती सरकारों ने महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में उपयोग किया, लेकिन ठोस निर्णय लेने का साहस नहीं दिखाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ इस विधेयक को पारित कराकर महिलाओं को वास्तविक सशक्तिकरण दिया है। जब मातृशक्ति सशक्त होती है, तब राष्ट्र भी सशक्त होता है। आज की महिलाएं आत्मनिर्भर हैं और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। अंत में, पारूल साहू ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए सभी महिलाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम के दौरान आगामी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी बनाने की रणनीति तय की गई। इसके उपरांत हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं सुरखी की पूर्व विधायक श्रीमती पारुल साहू की उपस्थिति में किया गया। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने और उन्हें जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति ठाकुर, जिला योजना समिति की सदस्य एवं पार्षद श्रीमती कविता राय, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन उपाध्याय, श्रीमती श्यामा उरेती, श्रीमती सुधा सेन, श्रीमती कुसुम खरे, श्रीमती विनीता कुलस्ते, सिमरन जैन सहित भाजपा की अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण के प्रति दृढ़ संकल्प के साथ हुआ।

# खुला पड़ा कुआं दुर्घटनाओं को दे रहा निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



ग्राम के बस स्टैंड बंजारी चौक पर स्थित एक खुले कुआं को ढकने का कार्य पिछले एक वर्ष से अधर में अटका हुआ है ग्राम पंचायत गैसाबाद के पंच प्रतिनिधि आशीष गुप्ता द्वारा विगत दिनों सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर यह उल्लेख किया गया था कि खुले पड़े हुए कुआं में मवेशी आदि गिरने का खतरा बना हुआ है। इसलिए कुआं को ढककर उसका पनघटा बनाया जाए शिकायत के बाद पंचायत द्वारा रेत गिट्टी आदि मटेरियल डालकर थोड़ा बहुत काम तो कराया था लेकिन उसके बाद निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। जबकि एस्टीमेट में कुआं का पनघटा बनाकर उस पर छड डालकर कुआं को ऊपर से ढका जाना था। ताकि कुआं में कोई मवेशी आदि ना गिर सके लेकिन पंचायत द्वारा खानापूर्ति करते हुए कुआं का दासा बनाकर मशीन से कुआं की सफाई करके काम को अधूरा ही छोड़ दिया गया। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। शिकायतकर्ता आशीष गुप्ता ने हरिभूमि को बताया कि मैंने कई बार सरपंच सचिव से कहा की कुआं का नवीनीकरण करके कुआं को ऊपर से छड़ डालकर ढक दिया जाए। लेकिन सरपंच सचिव ने हर बार यही कहा कि अभी बजट नहीं आया है। यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि जब बजट नहीं आया था तो फिर बिना बजट के कुआं का आधा अधूरा निर्माण कार्य कैसे? हो गया, यह सवाल खड़ा होता है,आप तस्वीर में देख सकते हैं कि किस तरह कुआं का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है ,ग्रामीण जनों ने शीघ्र ही अधूरे पड़े कुआं का निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने की मांग की है।

# मंत्री लोधी ने किए लाखों रुपए के भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को ब्लॉक के ग्राम सांगा में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण एवं दोनी में 25 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले सामुदायिक भवन का मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भूमिपूजन किया मंत्री ने कहां कि यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है।अब तक इस क्षेत्र के ग्रामीणों को छोटी-बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए दूर स्थित तेंदूखेड़ा या दमोह जाना पड़ता था। इससे न केवल समय की हानि होती थी, बल्कि आर्थिक रूप से भी लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। कई बार समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीजों को गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था। इस नवीन उप-स्वास्थ्य केन्द्र के शुरू होने से अब ग्राम सांगा और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी। सामुदायिक भवन से ग्रामवासियों को सामाजिक कार्यों के लिए सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी, डॉ परम सिंह लोधी, सरपंच नितिन जैन, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव विधायक प्रतिनिधि सोमनाथ सोनी विधायक प्रतिनिधि राजीव जैन युवा नेता राजकुमार सिंह ठेकेदार दीपक नायक सैलवाड़ा सरपंच नीतू साहू सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।



# साईबर सेल की त्वरित कार्यवाही: 256 शिकायतों में 17 लाख की राशि होल्ड कराई

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी भा.पु.से. के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में साइबर फॉड एवं धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में सायबर सेल प्रभारी श्रीमति नेहा गोस्वामी एवं उनकी टीम द्वारा शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी की राशि को होल्ड एवं रिफंड कराने का कार्य लगातार किया जा रहा है। वर्ष 2026 में अब तक नेशनल सायबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर कुल 256 शिकायतें दर्ज शिकायतों में सायबर सेल दमोह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लगभग 17,00,000/- (सत्रह लाख रूपये) की राशि होल्ड कराई गई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार प्रत्येक थाने में समय-समय पर साइबर अपराधों से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है, इसका उद्देश्य यह है कि पीड़ित की शिकायत गोल्डन हॉवरर के भीतर पोर्टल पर दर्ज हो सके, जिससे अधिकतम राशि को वित्तीय चैनलों में ही रोका जा सके। साइबर शिकायत दर्ज करने हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2026/55 — *निविदा आमंत्रण सूचना* — हटा, दिनांक 10/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_499536_1 11-04-2026 | कमला नेहरू वार्ड में पुरूषोत्तम साहू के मकान से रोहित तंतुवाय के मकान तक सड़क चौड़ीकरण एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 1- 04 माह 2- 3.60 लाख | 1- 2000.00 2- 3700.00 | 21-04-2026 |
| 2 | 2026_UAD_499538_1 11-04-2026 | रेस्ट हाउस के पास दूधिया नाले पर जल प्रदाय पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य (छटवा आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 15.95 लाख | 1- 2000.00 2- 12000.00 | 28-04-2026 |
| 3 | 2026_UAD_499539_1 11-04-2026 | वार्ड क्रं. 05 हजारी वार्ड में राजू पांडे के मकान के पीछे एवं बगल में नाली निर्माण कार्य। | 1- 03 माह 2- 2.22 लाख | 1- 2000.00 2- 2300.00 | 28-04-2026 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हटा, जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह

**बुंदेलखण्ड कैरियर कॉलेज हटा, जिला-दमोह (म.प्र.)**

NCTE दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं डॉ. हरिसिंह गौर वि.वि. से संबद्ध

**आवश्यकता**

आरक्षण संबंधी कार्यवाही म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार की जायेंगी।

बी. एड. पाठ्यक्रम में निम्न पदों पर कॉलेज कोड-28 के नियमानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते है :-

| क | पद का नाम | पद संख्या | योग्यता | | प्रतिशत | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 1 | स्नातकोत्तर, एम.एड., पी. एच. डी. | शिक्षा क्षेत्र में | 55% | 10 वर्ष |
| 2 | व्याख्याता | 4 | स्नातकोत्तर (किसी भी विषय में), एम.एड./ नेट/ पी.एच.डी. | | 55% | |
| 3 | विषयवार व्याख्याता | 8 | गणित, भौतिक, रसायन, विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, सा. विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल | स्नातकोत्तर एम.एड. / नेट / पी.एच.डी | 55% | |
| 4 | | 1 | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | एम.पी.एड नेट/पी.एच.डी | 55% | |
| 5 | | 1 | फाईन आर्ट | एम.ए फाइनल आर्ट | 55% | |
| 6 | | 1 | संगीत/नृत्य/रंगमंच | एम.ए म्यूजिक | 55% | |

वेतन: U.G.C. एवं राज्य शासन के नियमानुसार।

नोट: इच्छुक आवेदक अपने आवेदन सभी अंकसूचियों एवं फोटो सहित 15 दिवस के भीतर महाविद्यालय कार्यालय में डाक द्वारा या ईमेल bundelkhandcareercollege@gmail.com पर भेजें।

संपर्क सूत्र: 9179188011, 8109781400